# मोहर्रम पर डीएम एसपी रहे भ्रमणशील, सुरक्षा रही चाक चौबंद

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से बातचीत कर स्थिति की ली जानकारी

**श्रावस्ती, 06 जुलाई, (तरुणमित्र)।** मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में लगातार भ्रमणशील रहकर जिले के विभिन्न कर्बला स्थलो का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने विकास खंड इकौना अंतर्गत ग्राम खावा पोखर में बने कर्बला स्थल का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने का निर्देश दिया।भ्रमण के दौरान उन्होंने कर्बला परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित रहें। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर उपस्थित लोगों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी भी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं संवेदनशील है। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति एवं सद्भाव का प्रतीक है, इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस बल को सतर्क रहने और हर स्थिति में तत्पर रहने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि कर्बला स्थल एवं ताजिया जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सीसीटीवी से भी लगातार निगरानी की जा रही है। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इकौना के अंतर्गत वीरपुर चौराहे तथा गिलौला बाजार का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर स्थिति का जायजा लिया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश, क्षेत्राधिकारी इकौना सहित संबंधित स्टैटिक मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।